Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Kanodia Shri Mahesh Kumar

>

Title : Need to open a Kendriya Vidyalaya in Patan district, Gujarat.

श्री महेश कनोडीया (पाटन) : अध्यक्ष महोदय, देश में शिक्षा का स्तर निरन्तर गिरता जा रहा है। आजादी के इतने दिनों बाद भी विभिन्न राज्यों में अलग अलग पाठ्यक्रम होने के कारण छात्रों के ज्ञान में भी समानता नहीं आ पा रही है। सरकार पूरे देश में एक पाठयक्रम लागू नहीं कर पा रही है। केन्द्रीय विद्यालय, जिनकी शाखायें विभिन्न राज्यों में स्थित है, उसकी भी शाखायें आज तक सभी जिलों में नहीं खोली जा सकी। मुझे जहां तक जानकारी है कि पिछली सरकार ने सभी जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया था, किंतु उसे भी सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है। मेरे विचार में यदि सभी जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोल दिये जायें तो काफी छात्रों का भला हो सकता है क्योंकि ऐसा होने से जहां एक ओर छात्रों को समान पाठयक्रम पढ़ने का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर जिन अभिभावकों का सत्र के दौरान स्थानांतरण होता है, उनके बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में होने वाली कठिनाइयां तो दूर होंगी ही साथ ही उन्हें अनवरत रूप से शिक्षा प्राप्त करने का सुअवसर भी मिल जायेगा।

अतः मेरा माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि गुजरात राज्य के पाटन जिले में भी एक केन्द्रीय विद्यालय उच्च वरीयता एवं प्राथमिकता के आधार पर खोलने की कृपा करें ताकि उक्त क्षेत्र के छात्रों को होने वाली परेशानियां दूर हो सकें।